हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 6 जुलाई 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

09 बेतवा नदी के कर्बला घाट पर बनाए गए कुण्ड में ...



10 जर्जर इमारतों व मकानों से दुर्घटना की आशंका...



## खबर संक्षेप

### कान्यकुब्ज प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**विदिशा।** युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा रविवार 6 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 11 से कपूर पैराडाइज में होगा। समाज के अध्यक्ष नीतेश तिवारी व सचिव राजकुमार दुबे ने बताया कि कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रतिभाशाली व 2024-25 में दसवीं एवं 12वीं क्लास के 75% से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जा रहा है

### प्रभारी तहसीलदार के पदस्थापना आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में पदस्थ नायब तहसीलदार और प्रभारी तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना का आदेश जारी कर दिया है। वहीं पूर्व पदस्थ एक प्रभारी तहसीलदार की नवीन स्थल पर पदस्थापना की गई है। प्रभारी तहसीलदार प्रीति पंथी को तहसीलदार नगर विदिशा, प्रेमलता पाल को तहसीलदार शमशाबाद, अरविंद कुमार यादव को तहसीलदार गंजबासौदा, नायब तहसीलदार ऋतु राय को प्रभारी तहसीलदार त्योंदा और निधि लोधी की नवीन पदस्थापना नायब तहसीलदार नगर विदिशा के पद पर की गई है।

### सीआईएसटी कॉलेज में बीबीए पाठ्यक्रम शुरू

**विदिशा।** सीआईएसटी कॉलेज ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बीबीए पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया है। कॉलेज के संचालक आनंद शरण ने बताया कि 12वीं के बाद आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस के छात्र इसमें प्रवेश लेकर व्यवसाय प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर करियर बना सकते हैं। बीबीए तीन वर्षीय अंडर ग्रेजुएट प्रोफेशनल कोर्स है जो मार्केटिंग, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित करता है।

### चौरसिया धर्मशाला में कथा आज से होगी

**विदिशा।** रीठाफाटक रोड स्थित चौरसिया धर्मशाला में आज से भागवत कथा शुरू होने जा रही है। कथा का समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रहेगा। 12 जुलाई को कथा का समापन होगा। कथा के दौरान 8 जुलाई को शाम 7 बजे से गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें संत समागम एवं संगोष्ठी होगी।

### डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

**विदिशा।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में सांची रोड स्थित मुखर्जी पार्क में डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर आज रविवार को माल्यार्पण किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### डॉ. पीयूष श्रीवास्तव की माता का निधन

**विदिशा।** डॉक्टर डीपी श्रीवास्तव



की धर्मपत्नी एवं प्रखर सोनोग्राफी सेंटर के संचालक डॉ पीयूष श्रीवास्तव व डॉ सौरभ श्रीवास्तव की माताजी उषा श्रीवास्तव का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज रविवार को सुबह 9 बजे नीमताल गांधी चौक से मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### मिश्री बाई का निधन

**विदिशा।** ग्राम रिनिया निवासी 90 वर्षीय वयोवृद्ध मिश्रीबाई पत्नी



स्वर्गीय मोहर सिंह तिवारी का शनिवार अल सुबह निधन हो गया। दोपहर में बेतवा तट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मिश्रीबाई अत्यंत धार्मिक और मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थीं। उनके अंतिम संस्कार में ग्राम रिनिया के ग्रामीणों सहित समाजबंधु शामिल हुए और उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## फसल बीमा की विसंगतियों को दूर करने के लिए सौंपा ज्ञापन

# केंद्रीय मंत्री से की फसल बीमा में नुकसान का आकलन खेत को इकाई मानकर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

फसल बीमा में व्याप्त विसंगतियों को दूर कर फसलों में होने वाले नुकसान का आकलन क्रॉप कटिंग फार्मूले की जगह खेत को इकाई मानकर करने की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है।

शनिवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देकर भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी के नेतृत्व में किसानों ने अपनी इस मांग को दोहराया। सामाजिक कार्यकर्ता अटल तिवारी ने श्री चौहान से मांग रखी कि फसल बीमा किसानों के हित में है। लेकिन क्रॉप कटिंग फार्मूला वास्तविकता से मेल नहीं खाता। किसानों का कहना है की पुरानी व्यवस्था में गांव को एक इकाई मानकर औसत उत्पादन निकाला जाता है। जबकि हर किसान के खेत में बोवनी से लेकर खलियान तक होने वाले नुकसान की स्थिति अलग-अलग होती है।



विदिशा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देकर बताई फसल बीमा विसंगति से होने वाली परेशानी।

### बीमा कंपनी खेत के रकबे के हिसाब से प्रीमियम वसूलती है, तो नुकसान की भरपाई भी उसी खेत के वास्तविक नुकसान के आधार पर होनी चाहिए

किसानों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान से साफ कहा है कि बीमा कंपनी खेत के रकबे के हिसाब से प्रीमियम वसूलती है तो नुकसान की भरपाई भी उसी खेत के वास्तविक नुकसान के आधार पर होनी चाहिए। किसानों ने मांग रखी कि गांव के सभी किसानों को एक जैसी क्षतिपूर्ति देना न तो न्यायसंगत है और न ही व्यवहारिक। इससे असली नुकसान झेलने वाले किसानों को अपर्याप्त क्षतिपूर्ति मिलता है और बाकी किसानों को अनावश्यक लाभ देकर बीमा कंपनियों पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। फसलों के नुकसान की गणना में जिन मुख्य बिंदुओं की अनदेखी होती है। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, जिपं उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी, जिपं सदस्य लाखन सिंह कुशवाह, नीलम यादव, भगत सिंह रघुवंशी, चंद्रमोहन मीना, अरविंद नेवली सहित अटल तिवारी मौजूद रहे। किसानों का कहना है कि यह सुधार ऐतिहासिक कदम होगा जो खेती को घाटे का सौदा नहीं बल्कि फायदे का धंधा बनाएगा और किसानों को कर्ज व हताशा से मुक्ति दिलाएगा। किसानों ने भरोसा जताया है कि सरकार उनकी इस न्यायोचित मांग पर गंभीरता से विचार कर जल्द कदम उठाएगी।

### ऊंट के मुंह में जीरा होता है मुआवजा

ज्ञापन में कहा गया है कि अंकुरण के बाद कीट और झींगे फसल चट कर जाते हैं। प्राकृतिक आपदाओं जैसे बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, शीतलहर या तुषार पाला से भी खेत-खलिहान में फसलें तबाह होती हैं। इसके अलावा फसल के पकने पर खेतों में आग लगना, या कटाई के बाद खलिहान में बारिश से फसल सड़ना भी किसानों के लिए भारी नुकसान का कारण है। मगर इन सभी स्थितियों में होने वाले नुकसान आ आंकलन नहीं किया जाता है। गांव के औसत उत्पादन के आधार पर तय क्षतिपूर्ति कई बार 'ऊंट के मुंह में जीरे' के समान साबित होता है। किसानों ने केंद्रीय कृषि मंत्री से अपील की है कि फसल बीमा योजना के प्रावधानों में जरूरी संशोधन कर हर खेत को इकाई मानकर नुकसान का आंकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे बीमा कंपनियों पर भी बोझ कम होगा और जरूरतमंद किसानों को उचित मुआवजा मिलेगा।

# जिपं अध्यक्ष के प्रयास से बावना नदी पर वृहद सिंचाई परियोजना को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी के प्रयास से ग्यारसपुर तहसील में बावना नदी वृहद प्रेशराईज्ड सिंचाई योजना को स्वीकृति मिल गई है।

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने सांसद एवं कृषि तथा ग्रामीण विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बांध निर्माण की मांग की थी। जिसके बाद उन्होंने सिंचाई मंत्री व कलेक्टर विदिशा को कार्रवाई के निर्देशित किया। सहायक यंत्री सिंचाई विभाग सम्राट अशोक सागर परियोजना ने सिंचाई परियोजना की स्वीकृति से अवगत कराया है।

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने जल संसाधन मंत्री को 1 अगस्त को हैदरगढ़ क्षेत्र की बावना नदी पर सिंचाई के लिए बांध निर्माण संबंधी पत्र लिखा था। अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मंडल भोपाल द्वारा 2 अगस्त को सर्वेक्षण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। 27 अगस्त को मुख्य अभियंता चंबल बेतवा कछार भोपाल ने पत्र प्रेषित कर स्वीकृति प्रदान की। वर्तमान में उक्त योजना की विस्तृत डीपीआर तैयार कर स्वीकृति के लिए जल संसधन मंडल भोपाल कार्यालय को प्रेषित की गई। इस सिंचाई परियोजना से हैदरगढ़ सहित 40 गांवों के किसान लाभान्वित होंगे।

### स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन

**विदिशा।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्यनरत हैं जिन्हें केंद्र परिवर्तित प्री मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हो रहा है और दिन की वार्षिक पारिवारिक ढाई लाख रुपए से कम है उन्हें वर्ष 2025 26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। वन टाइम रजिस्ट्रेशन संबंधी कार्य नेशनल पोर्टल पर 30 जुलाई से पूर्व करना अनिवार्य है। यह कार्य स्कूलों व महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों और छात्रावास अध्यक्षों द्वारा कराया जाना है।

### संदिग्ध हालत में मिला महिला का शव

**हरिभूमि न्यूज. लटेरी।** सदगुरु सेवा ट्रस्ट परिसर स्थित स्टाफ क्वार्टर में शनिवार सुबह एक महिला का शव संदिग्ध हालात में मिला। मृतका की पहचान राखी जोगी (26) पत्नी मोनू जोगी के रूप में हुई। राखी अपने पति और दो बच्चों के साथ ट्रस्ट परिसर के गौशाला पास बने क्वार्टर में रहती थी। शनिवार सुबह राखी आंगन में मृत पाई गई। सूचना मिलते ही आनंदपुर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी बी. सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। बताया गया कि मोनू जोगी ट्रस्ट में पार्किंग व्यवस्था देखता है और यहीं परिवार सहित रह रहा था। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## कांग्रेस के नेता 7 को शमशाबाद और कुरवाई में करेंगे कार्यकर्ताओं से संवाद

**विदिशा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 7 जुलाई को विदिशा जिले के शमशाबाद और कुरवाई विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस संगठन प्रभारी डॉ. संजय कमले भी मौजूद रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि विदिशा जिले को कांग्रेस संगठन ने पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। जिले की प्रत्येक पंचायत और प्रत्येक वार्ड में कांग्रेस की कमेटियों का गठन पूरा हो चुका है। इन समितियों के पदाधिकारियों से प्रभारी एवं अध्यक्ष जी सीधा संवाद करेंगे।कार्यक्रम के अनुसार 7 जुलाई को सुबह 12 बजे शमशाबाद विधानसभा के आरएम गार्डन महानीम चौराहे पर कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष प्रभारियों, वार्ड अध्यक्ष प्रभारियों और वार्ड प्रभारियों से चर्चा होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के उत्सव गार्डन में कार्यकर्ताओं से संवाद होगा, जिसमें पंचायत और वार्ड स्तर के सभी प्रभारी शामिल रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने बताया कि इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा बूथ से लेकर जिले तक कांग्रेस की टीम को सक्रिय और एकजुट रखना है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि मजबूत जमीनी संगठन से ही आगामी चुनावों में सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

### फैकल्टी डेवेलपमेंट प्रोग्राम में डॉ. कोठारी बोलेः उद्यमिता ही समाधान

विदिशा। एसएटीआई में आयोजित दो सप्ताहीय फैकल्टी डेवेलपमेंट प्रोग्राम का समापन मध्यप्रदेश साइंस एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल भोपाल के डायरेक्टर जनरल डॉ. अनिल कोठारी के उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार और उद्यमिता हमारी परंपरा रही है और आज की समस्याओं का समाधान भी। शिक्षकों की भूमिका युवाओं को उद्यमशील बनाने में अहम है। निदेशक डॉ. वायके जैन, डॉ. धीरेंद्र स्वामी, डॉ. प्रवीण दिघर्रा सहित अन्य वक्ताओं ने भी उद्यमिता की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एमपीसीएसटी के पराग भल्ला, रवींद्र कौरव, नव्या चतुर्वेदी, डॉ. आशुतोष दातार सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी व प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा, 5 हजार का जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन की अदालत ने हत्या के दोषी बसंत सूर्यवंशी को आजीवन कारावास और 5 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई।

मामला 8 दिसंबर 2024 की शाम गुलाबगंज कलारी के पास का है, जहां मृतक सूरज पारदी अपनी चाची ज्योति पारदी के साथ बैठा था। नशे में धुत आरोपी बसंत ने वहां पहुंचकर गाली-गलौज और झगड़ा किया, फिर पत्थर से सिर और चाकू से सीने में वार कर सूरज को गंभीर रूप से घायल कर दिया। ज्योति के रोकने पर आरोपी भाग गया। 108 एम्बुलेंस से सूरज को गुलाबगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फरियादी ज्योति की रिपोर्ट पर थाना गुलाबगंज में पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण में शासकीय अभिभाषक हिम्मत सिंह कुशवाह ने साक्ष्य व दस्तावेज पेश कर दोष सिद्ध किया, जिसके आधार पर अदालत ने आरोपी को यह सजा सुनाई।

### 3 माह का राशन सात तक लेने की सुविधा

**विदिशा।** तीन माह जून, जुलाई एवं अगस्त का एकमुश्त राशन वितरण की अवधि बढ़ाई गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि ऐसे पात्रता धारक जो अब तक तीन माह का राशन उचित मूल्य दुकान से प्राप्त नहीं किए हैं उन सब को बढ़ी हुई नवीन तिथि सात जुलाई तक प्राप्त कर सकेंगे। उक्त संबंध मे निर्धारित अवधि में आवंटन अनुसार दुकान पर सामग्री का प्रदाय एवं सभी पात्र परिवारों को राशन वितरण कराया जाएगा इसके उपरांत वितरण की अवधि नहीं बढ़ाई जा सकेगी। सभी पात्र हितग्राहियों से नियत समयावधि में अपनी राशन सामग्री लेने की अपील की गई है।

## कलेक्टर-एसपी ने कर्बला घाट का निरीक्षण कर जायजा लिया



**विदिशा।** आगामी ताजिया सवारी और विसर्जन के मद्देनजर जिले में सुरक्षा और शांति व्यवस्था पुख्ता करने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने कर्बला घाट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात करने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने बासौदा विसर्जन कुंड का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजकों से समन्वय, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर, इंटेलिजेंस तंत्र की सक्रियता, गोताखोरों की व्यवस्था और विद्युत तारों की मरम्मत के निर्देश दिए गए। पुलिस बल को एंटी राइट ड्रिल सामग्री व आपातकालीन तैयारी रखने को कहा गया। प्रशासन ने नागरिकों से त्योहार शांति और सद्भाव से मनाने और सहयोग की अपील की।

### समीक्षा बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एसपी ने एक वर्ष से अधिक पुराने अपराध, छह माह से लंबित चालान और मर्ग प्रकरणों के त्वरित निराकरण के सख्त निर्देश दिए। बैठक में गो-तस्करी, साइबर अपराध, महिला व बाल अपराधों की गंभीरता से विवेचना, ऑपरेशन मुस्कान की सक्रियता तथा वाहन चोरी और एनडीपीएस मामलों पर फोकस रहा। सीसीटीएनएस पोर्टल पर समयबद्ध एफआईआर, चालान व ई-साक्ष्य अपलोडिंग के निर्देश भी दिए गए। आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा, बाढ़ प्रबंधन और संगठित अपराधों की रोकथाम पर विशेष जोर रहा। बैठक में एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, एसडीओपी उमेश तिवारी, रोशनी ठाकुर सहित जिले के थाना व चौकी प्रभारी शामिल हुए।

## किशोर-किशोरियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

### समापन पर एडिशनल एसपी ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

करारिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कागपुर के सांस्कृतिक भवन में 23 जून से संचालित सृजन यूथ कनेक्ट कार्यक्रम का 5 जुलाई को समापन हुआ। जन साहस संस्था द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोर-किशोरियों में आत्मरक्षा, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और कानून-अधिकारों की समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम में बच्चों को ताइक्वांडो के माध्यम से आत्मरक्षा, स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास, बाल अधिकार, हिंसा और बाल विवाह रोकथाम, ऑनलाइन सुरक्षा तथा करियर मार्गदर्शन पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। यातायात जागरूकता सत्र में सड़क सुरक्षा नियम और राह-वीर योजना की जानकारी भी दी गई। समापन अवसर पर डॉ. प्रशांत चौबे ने प्रशिक्षित बच्चों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र वितरित कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आत्मरक्षा प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उनके जीवन को नई दिशा देगा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा।



विदिशा। कार्यक्रम में पहुंचे एडिशनल एसपी का पौधा देकर स्वागत किया गया।

### 7 वर्षीय गुमशुदा बच्ची को 30 मिनट में खोजा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** विदिशा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत तत्परता दिखाते हुए मात्र 30 मिनट में एक 7 वर्षीय गुमशुदा बच्ची को तलाश कर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया। 5 जुलाई को एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के गुम होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और सघन तलाशी अभियान शुरू किया। स्थानीय लोगों से पूछताछ, तीन सीसीटीवी कैमरों की जांच और लगभग 50 राहगीरों को फोटो दिखाकर सुराग जुटाए गए। अंततः बच्ची को हाथीथान मोहल्ला स्थित एक दुकान के पास रोते हुए सुरक्षित पाया गया। इस अभियान में उपनिरीक्षक स्मिता जैसवार, चीता आरक्षक आर. विष्णु और आरक्षक शैलेन्द्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि इस साल विदिशा पुलिस अब तक 230 से अधिक गुमशुदा, अपहृत बालिकाओं को सकुशल बरामद कर चुकी है।

## अधिवक्ता परिषद मध्यभारत प्रांत की जिला इकाई ने आयोजत किया कार्यक्रम

# कुटुंब व्यवस्था में न्यायपालिका की भूमिका पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अधिवक्ता परिषद मध्य भारत प्रांत की जिला इकाई द्वारा शनिवार ऑडिटोरिय में भारतीय कुटुंब व्यवस्था में न्यायपालिका की भूमिका विषय पर जिला सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि मप्र उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के न्यायमूर्ति गुरुपाल सिंह अहलूवालिया ने अपने संबोधन में कहा कि पारिवारिक विवादों में न्यायपालिका और अधिवक्ताओं का पहला कर्तव्य आपसी समझौते से परिवारों को टूटने से बचाना होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने पारिवारिक मुकदमों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए लोगों से संवाद और आपसी समाधान की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि संयुक्त परिवार व्यवस्था के विघटन से अधिकतर पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो रहे हैं।



सम्मेलन में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा, परिषद के प्रांत अध्यक्ष अरुण शर्मा, महामंत्री राजेंद्र धाकड़, कोषाध्यक्ष कल्पना परमार सहित जिले के सभी न्यायाधीश, अभिभाषक संघों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। 50 वर्ष से अधिक समय से विधि व्यवसाय में सक्रिय वरिष्ठ अधिवक्ताओं का भी विशेष सम्मान किया गया।

# अस्पतालों में सुधार के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी



लटेरी सामाजिक संगठन जन चेतना मंच ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए माननीय मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी लटेरी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन का वाचन करते हुए संगठन के तहसील अध्यक्ष विनेश मालवीय ने कहा कि लटेरी क्षेत्र में 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 18 उप स्वास्थ्य केंद्र होने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाएं अति बदतर है। अधिकतर समय डॉक्टर या कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं। यदि मरीज इन केंद्रों पर पहुंच भी जाए तो उसका उपचार ठीक से नहीं होता। ऐसी परिस्थिति में मरीजों को मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों की अवैध क्लिनिकों पर जाना पड़ता है जहां पर मरीज को रुपयों के साथ ही कोई बड़ी घटना की आशंका बनी रहती है। इसी प्रकार की एक घटना में बीते दिनों एक बालक की मृत्यु भी हो चुकी है। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी विनीत तिवारी ने शीघ्र ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन के वीरू धाकड़, प्रताप यादव नीतीश कुशवाह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


माँ शीतला की पावन नगरी गंजबासौदा में वरिष्ठ पत्रकार एवं
पर्यावरणविद् स्व. श्री अनिल यादव जी की स्मृति में निर्मित
पत्रकार भवन के लोकार्पण
एवं प्रतिमा अनावरण में पधारे
मा. श्री शिवराजसिंह जी चौहान
केन्द्रीय कृषि एवं पंचायत ग्रामीण मंत्री भारत सरकार
एवं सभी अतिथियों का स्वागत, वंदन, अभिनंदन
स्व. श्री अनिल यादव जी
वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद्
श्रीमती माया नारोलिया जी
राज्य सभा सांसद
श्री लखन पटेल जी
प्रभारी मंत्री विदिशा
नीतेश नायक
अध्यक्ष, प्रेस क्लब
नरेश मीणा
सचिव, प्रेस क्लब
...निवेदक...
प्रेस क्लब गंजबासौदा

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 2800
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2642
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2360
उच्चतम भाव-2419
चना
न्यूनतम भाव-5051
उच्चतम भाव-5560
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3401
उच्चतम भाव-3540
धान
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3030
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6310
सरसों
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-7720
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4329
मूंग
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-7070
उड़द
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5410
धनिया
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6350

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 2761 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## जर्जर मकान हुआ धराशायी, चपेट में आकर दादी और पोता हुए घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम उदयपुर नीलकंठेश्वर मंदिर के पास शुक्रवार को रात्रि के समय अचानक महेश नारायण के पूर्वजों द्वारा प्राचीन पत्थर से निर्मित जर्जर हाल मकान धराशायी हो गया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी ऊषा शर्मा और पोता धैर्य शर्मा मकान के अंदर सो रहे थे। मलबे में दबने से उन्हें काफी चोटें आईं। दोनों घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। यहां उल्लेखनीय है कि नीलकंठ शिव मंदिर के पास ऐसे पत्थर के जर्जर मकानों में कई लोग रहने पर मजबूर हैं। जिसका प्रमुख कारण पुरातत्व की कार्य प्रणाली है। जिससे लोगों को जर्जर भवनों की मरम्मत कराने या जीर्णोद्धार कराने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।



## केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज करेंगे पत्रकार भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद् स्व अनिल यादव की स्मृति में निर्मित पत्रकार भवन का रविवार को केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद माया नारौलिया तथा प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर वे स्व अनिल यादव की प्रतिमा का अनावरण, पौधरोपण, वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान भी करेंगे। साथ ही अनिल दाऊ फांउडेशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन करेंगे। यहां उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रभारी मंत्री नगर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उनका पंजाब मेल एक्सप्रेस से गंजबासौदा रेल्वे स्टेशन पर आगमन होगा। जहां रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण, मीसाबंदी नरेश जैन के घर पर मुलाकात, निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद स्व. अनिल यादव की स्मृति में नवनिर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण करेंगे। इसके बाद मानस भवन में लखपति दीदी से मुलाकात , तुलसीराम सैनी के घर भोजन, कृषि महाविद्यालय, संदीपनी विद्यालय, रिंग रोड का निरीक्षण करने के बाद छत्तीसगढ एक्सप्रेस से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### दीपनाखेड़ा,पथरिया में कार्रवाई

## अवैध रूप से संचालित हो रही 2 क्लीनिकों को बीएमओ ने किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रही क्लीनिको पर अब स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही देखने को मिल रही है। गुरूवार रात्रि जहा राजस्व विभाग,स्वास्थ्य विभाग,पुलिस की संयुक्त टीम ने नगर के हाजीपुर स्थिति हरिओम क्लीनिक को सील किया। तो वही शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम में ग्राम दीपनाखेडा,पथरिया सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो में अपनी दुकान चला रहें झोलाछाप डॉक्टरो की क्लीनिको पर पहुचकर जांच की। इस दौरान विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास सिंह बघेल द्वारा संयुक्त टीम बनाकर ग्राम पंचायत दीपनाखेड़ा में भोपाल हेल्थ क्लीनिक एवं पथरिया में जैद हेल्थ क्लीनिक जो दोनों क्लीनिक अवैध रूप से संचालित हो रही थी। टीम ने दोनो क्लीनिको को सील किया। साथ ही नगर के तलैया मोहल्ला स्थित राजस्थानी क्लीनिक अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर उक्त क्लीनिक को भी सील किया गया।

### आखिर कब तक जारी रहेगी स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही ?

विगत कई वर्षो से देखा जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जब भी झोलाछाप डॉक्टरो की अवैध क्लीनिको पर पहुचती है। तो अधिकांश झोलाछाप डॉक्टरो अपनी दुकानो के शटर बंद कर भाग जाते है। जिस कारण उक्त क्लीनिको की स्वास्थ्य विभाग जांच नही कर पाता। वही विभाग की कार्यवाही समाप्त होते ही दो तीन दिन बाद पुनः यह अवैध क्लीनिक संचालित हो जाती है।

## बेतवा नदी के कर्बला घाट पर बनाए गए कुण्ड में किए जाएंगे ताजिए विसर्जित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मोहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुए शनिवार को एसडीएम विजय राय और पुलिस अधिकारियों ने बेतवा घाट स्थित कर्बला घाट का दौरा किया। यहां पर रविवार को ताजियों का विसर्जन किया जाएगा। कर्बला घाट पर एक अतिरिक्त कुंड का निर्माण किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भीड़ के दौरान कोई भी व्यक्ति नदी किनारे न पहुंचे। नगर में विभिन्न स्थानों से कुल 10 ताजिया और 24 सवारियां निकलेंगी, सभी ताजिया पहले गांधी चौक पर इकट्ठा होगे। इसके बाद क्रमबद्ध तरीके से कर्बला घाट पहुंचेंगे। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने भी मौजूद रहकर ताजिया जुलूस से संबंधित व्यवस्थाओं पर अपने सुझाव दिए। इस दौरान देहात थाना प्रभारी आशुतोष

### तेज बारिश के चलते मंदिर पहुंच मार्ग पानी में डूबा



**गंजबासौदा।** तेज बारिश के चलते नीलकंठ महादेव मंदिर जाने वाला मार्ग पानी में डूब गया। जिसके चलते लगभग एक घंटे तक रास्ता पूरी तरह बंद रहा। जल निकासी रुकने से दुकानों में पानी घुसने की नौबत आ गई। नागरिकों ने दुकानदारों के साथ मिलकर जहां-जहां नाले बंद थे, उन्हें खुलवाया, इसके बाद पानी की निकासी शुरू हो सकी। नागरिकों ने बताया कि ग्राम पंचायत समय पर नालों की सफाई नहीं करती। इसी वजह से बारिश में जल जमाव हो जाता है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** लाल बहादुर शास्त्री विधि महाविद्यालय में LLB प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया में आ रही बाधाओं एवं विश्वविद्यालय पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ न होने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शनिवार को कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया में आ रही रुकावटों के चलते छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव में हैं एवं उनके भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्याप्त है। आवेदन प्रक्रिया समय पर प्रारंभ न होने से विद्यार्थियों का शैक्षणिक सत्र प्रभावित होने की आशंका है। परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि प्रवेश प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ कर विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित किया जाए।

### रुक रुक कर चला बारिश दौर



**गंजबासौदा।** शनिवार को नगर में सुबह से मौसम में बदलाव देखा गया। पहले हल्की बूंदाबांदी होने के बाद दोपहर के बाद रुक रुककर कभी तेज कभी हल्की बारिश का दौर शाम तक चलता रहा है। विगत दो दिनों से नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में हो रही बारिश से मौसम में ठण्डक घुल गई है तथा तापमान में गिरावट आई है।

## खबर संक्षेप

### वार्ड में कराई साफ-सफाई

**गंजबासौदा।** नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा वार्डों में साफ, सफाई के लिए अमले को निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को नपा सफाई अमले ने नगर के वार्ड नंबर 6 में खाली प्लाटों में जमा पानी, कचरे को निकाला एवं नाला, नालियों की साफ, सफाई की गई।

### वॉइस ऑफ मीडिया संगठन के संजय शर्मा बने जिला अध्यक्ष



**बरेली।** वॉइस ऑफ मीडिया के प्रदेशाध्यक्ष दीपक शर्मा एवं दीपक कांकर के द्वारा नगर के पत्रकार संजय शर्मा को जिला रायसेन ईकाई का अध्यक्ष मनोनीत और नियुक्त किए जाने से नगर के पत्रकारों में हर्ष बना हुआ है। स्थानीय विश्राम ग्रह में बैठक आयोजित कर पत्रकारों ने संजय शर्मा का स्वागत करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी और शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

वृक्षारोपण - वॉइस ऑफ मीडिया के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया और कहा कि दायित्व मिला है। उसका पत्रकारों हित संघर्ष में सफलतापूर्वक निर्वाह किया जाएगा। इस अवसर पर संजय शर्मा ने साथियों के साथ वृक्षारोपण भी किया गया।

### श्रावण माह के समान लगी बारिश की झड़ी, चहुंओर पानी कीचड़, नमी का फैला साम्राज्य

## दूसरे दिन भी बिना रुके लगातार होती रही बारिश

**लगातार बारिश से नदी नालों का बढ़ रहा जल स्तर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शुक्रवार को शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शनिवार को भी समाचार लिखे जाने तक निरंतर बना हुआ है। कभी तेज कभी रिमझिम बारिश से सावन माह शुरू होने से पूर्व ही सावन जैसी बारिश की झडी लगी हुई है। चहुओर पानी ही पानी, सडको पर कीचड और जहॉ देखो वहॉ अत्याधिक नमी बनी रहने से कच्चे-पक्के मकानों में निवास करने वालों की परेशानियां बढ गई है।

घरो गांवो से नहीं निकल रहे लोग - जिस प्रकार 2 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। उसका व्यापक असर बना हुअ है। ग्रामीण घरो में बने रहना पसंद कर रहे है। जरूरी होने पर ही बमुश्किल लोग घरो गांवो से बाहर निकल पा रहे है। इसी कारण नगर की सडक़ो, बाजारों में बहुत कम आवाजाही और ग्राहकी हो रही है। दो दिनों से सूर्यदेव के दर्शन होना दुर्लभ हो गया है।

### नमी कीचड़ की अधिकता

दो ढाई दिनों से लगातार बारिश अब परेशानियों का कारण बनने लगी है। इससे पूर्व भी अनेक बार जोरदार बारिश हो चुकी है। लगातार रिमझिम बारिश से नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र की सडक़ो पर फैला कीचड, परेशानी का कारण बन रहा है। धान वाले खेतो में गए ट्रेक्टरो के पहियों के साथ आई मिट्टी सडक़ो पर फैलने से फिसलन और वाहन चालको के लिए जोखिम का कारण बन रही है।

## लगातार बारिश का असर हरी सब्जियों का लोकल उत्पादन हुआ बहुत कम

### बाहर से आईं सब्जियां, आसमान छू रहे दाम

### सैकड़ा के पास किलो भर हरी सब्जी के भाव



**बरेली।** लगभग दो सप्ताह से रूक-रूक कर नर्मदा क्षेत्र में बारिश हो रही है। लगातार बारिश, भारी नमी के कारण खेतों में पानी भर जाने से हरी सब्जियों की बेला, पौधों में फूल आना फल लगना लगभग बंद सा हो गया है। इसी कारण लोकल सब्जी उत्पादन बहुत कम हो जाने से थोक सब्जी मंडी में प्रदेश और देश के अन्य स्थानों से सब्जियां आ रही है। बाहर से आ रही हरी सब्जियों की गुणवत्ता ठीक न होने के साथ भाव भी आसमान छू रहे है।

### 40 से 80 रुपए किलो भाव

सब्जियों का राजा आलू 20-25 रू. किलो बिक रहा है। हरी मिर्च 80 रू. किलो तो शिमला मिर्च, गिलकी, बेंगन, भिंडी के भाव 40 से 80 रू. किलो के बीच पहुंच गए है। कुछ हरी सब्जियां तो दुकानों से गायब हो गई है। ककडी, कद्दू, लौकी, टमाटर, कटहल के भाव 40 रू. किलो हो गए है। सामान्य हरी सब्जियों के भाव दो-तीन गुना तक हो जाने से गरीब, सामान्य परिवारों की थालियों से गायब होने लगी है। परिवारों में महिलाओं के सामने क्या सब्जी बनाये और खिलायें समस्या बन रही है। एक माह पूर्व तक इन्हीं हरी सब्जियों के भाव 15 से 30 रू. किलो अधिकतम हुआ करते थे। सब्जी मंडी के थोक व्यापारियों का कहना है, कि बारिश के कारण आसपास के सब्जी उत्पादक ग्रामों से आवक बहुत कम हो रही है। इसी कारण अधिकांश हरी सब्जियां बाहर से आने के कारण परिवहन लागत के कारण दाम अधिक बने हुए है।

### आज बड़ा बाजार में रखेंगे ताजिया

## अंचल में दो दिन तक मातमी पर्व मोहर्रम मनाए जाने की परंपरा

### मोहर्रम में बनी बारिश की बाधा

**बरेली।** मो. हजरत इमाम हुसैन की शहादत का मोहर्रम पर्व मुस्लिम समाज के कारण अकीकत के साथ 2 दिन मनाये जाने की प्राचीन परंपरा है। आज रविवार को बडा बाजार के चौक में छोटे-बडे ताजियां रख कर अखाडो के प्रदर्शन के साथ मोहर्रम पर्व की शुरूआत होगी। मोहर्रम का त्योहार हिन्दू-मुस्लिम दौनों समुदाय के लोगो द्वारा मिल कर मनाया जाता है। सोमवार को दोपहर बाद ताजियों के साथ मोहर्रम का जलूस प्रारंभ होने के साथ ताजियों को घोघरा नदी में ठंडा किया जाएगा। भोपाल नबावी शासन के दौरान से नगर में मोहर्रम का त्योहार दो दिन मनाया जाता है। एक दिन ताजियां रखे जाते है। दूसरे दिन ताजियों के विर्षजन की परंपरा है। पिछले 2-3 दिनों से नगर की सडक़ो पर चौकियों पर जलूस निकलते रहे। जिसमें बारिश की बाधा के बाद भी लोगों ने भारी संख्या में शिकरत की। मोहर्रम के त्योहार पर नगर में अखाड़ो का प्रर्दशन भी परंपरा है।

**साम्प्रदायिक सौहार्द** - भले ही मोहर्रम का त्योहार मुस्लिम समाज का है। इसके बाद भी हिन्दू समुदाय के लोगो की सहभागिता रहती है। हिन्दू समाज के लोगो द्वारा ताजियों के सामने लोभान की धूनी, रेबडी का प्रसाद चढ़ाने और मन्नतें मांगने की परंपरा है।

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी संजय सागर मछुआ कल्याण सहकारी संस्था मर्यादित शमशाबाद जिला विदिशा पंजी. क्र 1038 दिनांक 29.01.2016**

**निर्वाचन आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 20.07.2025 दिन शनिवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है। दिनांक 10.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 11.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 13.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी योगेन्द्र सोनी द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(योगेन्द्र सोनी)
रिटर्निंग अधिकारी
संजय सागर मछुआ कल्याण सहकारी संस्था मर्यादित शमशाबाद

### आवारा मवेशी बने वाहन चालकों के लिए जोखिम, सभी प्रमुख सड़कों पर झुंड, हटाने की कोई नहीं कोशिश

## सड़कों पर बढ़ने लगी छुट्टा आवारा मवेशियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



वर्षा काल शुरू हो गया। इसी के साथ क्षेत्र की सभी प्रमुख सडक़ो, फोरलेन-45 पर आवारा छुट्टा मवेशियों की तेजी से संख्या बढने लगी है। फोरलेन-45, पिपरिया रोड, बाड़ी बक्तरा रोड पर मवेशियों के झुंड वाहन चालकों के लिए खतरा और जोखिम भरे सफर का कारण बन रहे है। मुख्य सडक़ो के किनारे वाली ग्रापं. ग्रामों में तो मवेशियों की भारी संख्या के कारण कभी वाहन चालक तो कभी मवेशी ही घटना का शिकार हो रहे है।

पिछले वर्ष कलेक्टर, जनपद पंचायत द्वारा सडक़ो से आवारा मवेशियों को हटाने की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों, ग्रापं. को सौंपी गई थी। मुख्य सडक़ो के किनारों वाली दर्जनों ग्रापं. में न तो कांजी हाउस है, और न ही गौशालाए बनीहै। पशु पालक दूध न देने वाले गौवंश को बांध के खिलाने पिलाने के स्थान पर छुट्टा छोड़ देते है। ऐसी छुट्टा मवेशियों के झुंड सडक़ो पर अपना डेरा बनाए रहने से सबसे अधिक वाहन चालकों को परेशानियों, जोखिम और घटना दुर्घटना का शिकार होना पडता है।

### घायल बीमार हो रहा गोवंश

वाहनों की चपेट में आने से मवेशी घायल होते है। किन्ही स्थानों पर वाहनों की टक्कर से उनकी मौत भी हो रही है। बटेरा जोड, खरगोन, भौडिया, छींद जोड, कोटपार गणेश जोड, समनापुर जांगीर, हरसिली, नयागांव, महेश्वर, बाग पिपरिया, अलीगंज मार्ग पर मवेशियों की अधिकता के कारण पूर्व में वाहन दुर्घटनाए हो चुकी है। इन्हीं स्थानों पर हमेशा मवेशी वाहनों की चपेट में आकर घायल और मौतें भी होती है।

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
VIDISHA
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

website : general.kbtgroup.in
E-Pravesh Code-P619
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
BA (Com+Plain) | B.Com (Com+Plain) | B.Sc (Com+Plain) | B.Lib (1 Years) | PGDCA (1 Years) | MSW (2 Years) | PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years) | B.ED. (2 Years)
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149

## नगर पालिका की अब तक कार्रवाई सिर्फ नोटिस तक ही रही सीमित

# जर्जर इमारतों व मकानों से दुर्घटना की आशंका, 18 वार्डों में 25 मकान जर्जर

### जर्जर भवन तोड़ने के लिए नपा ने जारी किए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बारिश के चलते शहर के बाजार क्षेत्र और गलियों में जर्जर मकान, इमारतें 25 चिह्नित किए गली मोहल्लों के बसाहट के आसपास हैं। तेज बारिश आंधी में इनके गिरने की आशंका है। इस कारण मकान में रहने वाले और आसपास के लोग असुरक्षित हैं। इसलिए इन्हें गिराने के आदेश दिए गए हैं, लेकिन नगर पालिका परिषद द्वारा बजाय जेसीबी मशीन की मदद से गिराने के बजाय सिर्फ कागजी नोटिस तक कार्रवाई की गई है।

नगर सहित जिले में मौसम का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन कंडम मकानों, इमारतों की छतों से मलबा जब तब गिरता रहता है, जिससे राहगीर परेशान हैं। लोगों का कहना है कि तिपट्टा बाजार वार्ड 5 स्थित बोहरा समाज परिवार की यह इमारत काफी जर्जर और खस्ताहाल है। पिछले साल भी नगर पालिका परिषद द्वारा कंडम घोषित कर दूसरी मर्तबा भवन पर नोटिस चस्पा किया गया है। कमोवेश यही हालत अन्य जर्जर मकानों के हैं।

शहर के 18 वार्डों में जर्जर मकान तलाश करने के लिए नगर पालिका परिषद अभियान चला रही है। इसके तहत 25 मकानों को चिह्नित किया गया है। इन मकानों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।

नगर पालिका परिषद द्वारा 25 जर्जर इमारतों भवनों को चिन्हित किया है। नोटिस लेने के बाद भी किसी भवन स्वामियों ने इनकी मरम्मत नहीं कराई है।



#### थमाए नोटिस... तोड़ने को कहा

*प्राप्त जानकारी के मुताबिक बारिश के दौरान शहर के जर्जर मकानों से दुर्घनाएं होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए नगर पालिका का अमला वार्डों, सहित बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर इमारतों, मकानों की हालत का जायजा ले रहा है। नपा अमले ने 25 जर्जर मकानों को चिह्नित किया है। इन मकान मालिकों को नपा ने नोटिस देकर तोड़ने के आदेश दिए हैं।*

#### 8 साल पहले भी दिए नोटिस नहीं हुई फिर कार्रवाई

नपा परिषद रायसेन में 2018 और 2023-24 में जर्जर भवनों की मरम्मत यह गिराने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस में कहा गया था कि अगर जनहानि होती है तो भवन मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नपा के नोटिस की अवधि 7 दिवस थी, लेकिन वर्तमान में अब तक 8 साल पूरे होने को आए हैं। इसके बाद भी किसी भवन स्वामी जर्जर भवनों की मरम्मत नहीं कराई और नगर पालिका परिषद ने भी अगला ठोस कदम नहीं उठाया। नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 309, 310 मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 221 में जर्जर भवनों पर कार्रवाई करने का प्रावधान है। नगर पालिका परिषद सबसे करता है। जिससे मकान मालिक अपने जर्जर मकान की सुरक्षा स्वयं के खर्चे पर पूरा कर लें।

#### इनका कहना है

नगर में 25 मकान जर्जर क्षतिग्रस्त होने पर सर्वे कराया गया है। मकान मालिकों को नोटिस भी जारी किया गया है। नपा परिषद ने बारिश के चलते तैयारियां कर ली है। इन कंडम इमारत मकानों की दीवार पर नोटिस भी चस्पा किया है। नोटिस में लोगों के इन जर्जर मकानों के आसपास नहीं जाने की चेतावनी भी लिखी है।

**आशुतोष सिंह, नपा इंजीनियर**




#### इन जर्जर भवनों पर कार्रवाई का नियम

शहर में मौजूद 25 से ज्यादा कंडम भवन बारिश के मौसम में हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। लेकिन नगर पालिका द्वारा इन भावनों को गिराना तो दूर अब तक भवन स्वामियों को सही तरीके से नोटिस देने की प्रक्रिया का पालन नहीं किया है। वर्ष 2018 में आमजन की सुरक्षा को देखते हुए हाई कोर्ट ने जन भावनाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कड़ा रुख अपनाया था। वहीं शहरी क्षेत्र के इन जर्जर भवनों को तोड़ने के लिए कहा था। जिसका कड़ाई से अभी तक पालन नहीं हुआ है। बावजूद इसके किसी भी भवन स्वामी ने इन जर्जर घोषित हुए भवनों की मरम्मत नहीं कराई। इस साल जर्जर भवनों की संख्या बढ़कर अब 25 हो गई है। यदि कोई जर्जर भवन धराशाई होता है, तो राहगीरों सहित आस पास के भवनों को नुकसान हो सकता है।

# आरटीओ ने 35 स्कूली बसों को जारी किए थे नोटिस

## नोटिस भेजे तो कहा, संचालित नहीं हो रही है बसें, चेकिंग की तो खुली पोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिन स्कूली बसों के बीमा और फिटनेस खत्म हो चुके थे उन स्कूल और बस संचालकों को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) रायसेन ने नोटिस जारी किए थे। नोटिस मिलने के बाद कई बस संचालकों ने लिखित में दे दिया कि वह बसों का संचालन नहीं कर रहे हैं, लेकिन आरटीओ टीम ने जब चेकिंग की तो कई बसें बिना फिटनेस और बीमा के बच्चों को लाते-ले-जाते मिलीं।

नियम के विरुद्ध चल रही बसों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि आरटीओ ने करीब 35 बसों को नोटिस दिए थे, जिनके दस्तावेज पूरे नहीं थे।

#### बगैर दस्तावेज के दौड़ती बसें

*जिले के प्राइवेट स्कूलों में कई ऐसी बसें संचालित थी, जो 15 वर्ष से पुरानी थी। इसलिए फिटनेस सहित अन्य दस्तावेज को पूरा करने में काफी खर्च होता। इसलिए वे बिना दस्तावेज के बसों को संचालित कर रहे थे। ऐसी बसों के दस्तावेज जिला परिवहन विभाग ने ऑनलाइन जांचे तो यह सच्चाई सामने आई कि ये बसें बिना बीमा और फिटनेस के संचालित हो रही थीं।*

#### इनका कहना है

जिन बसों को नोटिस दिए गए थे, यदि उन्होंने दस्तावेज पूरे नहीं किए तो सरेंडर की कार्रवाई कराई जाएगी। कई बस संचालकों ने लिखकर दिया है कि वह बसों का संचालन नहीं कर रहे हैं।

**जगदीश सिंह भील, आरटीओ**

## नगर की सुरक्षा को लेकर सक्रिय हुए नवागत नगर कोतवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

त्योहारों के मद्देनजर शहर की फिजा खराब न हो इसके लिए नवागत नगर कोतवाल नरेंद्र गोयल पहले ही दिन से सक्रिय नजर आ रहे हैं। उन्होंने पदभार संभालते ही पुलिस कर्मियों के साथ नगर की विभिन्न गलियों एवं चौराहो का जायजा लिया। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि किसी भी प्रकार की गतिविधियों अथवा अफवाह या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों, दुकानदारों से अपील की कि वह किसी भी असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले मुदित

**रायसेन**। पूर्व मंत्री डॉ गौरीशंकर शेजवार के निवास पर पहुंचकर सीएम मोहन यादव तथा भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सहज मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता मुदित शेजवार ने नवागत प्रदेश अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री का फूल मालाओं से स्वागत किया।



## कीचड़ से मुक्त होने जा रही सांची की कई सड़कें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

नगर की कई सड़कें जल जीवन मिशन की खुदाई के कारण दलदल में परिवर्तित हो गई थी, जिसके लिए नगर वासियों द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार और पार्षद प्रतिनिधि सुनील जैन और नप सीएमओ को कई बार शिकायतें की गई। इसके बाद उनको कीचड़ में खड़ा कर दिया और कई बार नगरवासियों और पार्षद प्रतिनिधि द्वारा आंदोलन जैसी स्थिति बनने की बात कही। तब जाकर जल जीवन मिशन के अधिकारियों द्वारा रोड पर चुरी गिट्टी डलवाने का प्रस्ताव पास किया, जिससे लोगों को कीचड़ से थोड़ी बहुत राहत मिलेगी।

ज्ञात हो कि जल जीवन मिशन 2021 से 2023 तक इसके फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य समाप्त होना था, मगर जल जीवन मिशन के अधिकारी-कर्मचारियों की घोर लापरवाही के चलते यह निर्माण कार्य 2025 तक भी संपूर्ण नहीं हो सका और उसकी घोर लापरवाही का नतीजा नगर वासियों को परेशानी के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

# मवेशी को बचाने में किराने का सामान लेकर जा रहा ट्रक पलटा


हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर सोजना गांव के सामने एक आयशर मिनी ट्रक मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। वो तो गनीमत रही कि ड्राइवर क्लीनर ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार की रात नो बजे इंदौर से आयशर 1109 मिनी ट्रक एमपी 13 जेडएम 9438 किराने की सामग्री भरकर सागर शहर के लिए निकला था। शनिवार सुबह लगभग 4 बजे भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के सोजना गांव के सामने सड़क पर बैठे मवेशी को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गया। ड्रायवर और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई।

#### ट्रक ड्राइवर ने कूदकर बचाई अपनी जान

**खास बातें**

- सलामतपुर थाने के भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर सोजना गांव की घटना
- हाइवे 18 पर जगह जगह बैठे मवेशी बन रहे हैं दुर्घटना का कारण



#### किराना सामान लेकर जा रहा था ट्रक

*इंदौर के ट्रांसपोर्ट मालिक सुशांत जैन ने बताया कि आयशर 1109 मिनी ट्रक एमपी 13 जेडएम 9438 इंदौर से शुक्रवार को किराना सामग्री लेकर सागर के लिए निकला था। ड्रायवर कुंवर सिंह पटेल ट्रक चला रहा था। ट्रक में सागर के कई व्यापारियों का सामान भरा हुआ है। ट्रक मालिक ने कहा कि ट्रक पलटने से कितना नुकसान हुआ है यह ट्रक को सीधा करने के बाद ही पता चल सकेगा।*

## झमाझम बारिश से खिले क्षेत्र के किसानों के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। खेती बाड़ी के कार्य में तेजी आने लगी है। बारिश का मौसम खेती के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है, खासकर खरीफ की फसलों के लिए। बारिश के 20 दिनों की देरी के बाद हुई बारिश ने किसानों को राहत दी है, क्योंकि इससे उनकी फसलें अच्छी होगी और उन्हें अधिक उपज मिलेगी। बारिश की कमी से फसलें सूख सकती थीं और उपज कम हो सकती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। किसानों को उम्मीद है कि इस बारिश से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

आज दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में झमाझम बारिश हुई भीषण गर्मी से लोगों को निजात मिली। धान, सोयाबीन की मुरझाती फसल को संजीवनी मिल गई है। बारिश न होने से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

## पत्नी-पुत्र ने की पिटाई

**सलामतपुर**। शुक्रवार देर रात 11 बजे मलखान पिता राजाराम मीणा शराब पीकर अपने घर पहुंचा। तभी पत्नी अनीता मीणा ने शराब पीने का मना किया तो दोनों में कहासुनी होने लगी और बात मारपीट तक पहुंच गई। जिसके बाद पत्नी और पुत्र अनुराग ने मलखान की पिटाई शुरू कर दी। जिसकी वजह से मलखान के सिर और हाथ पैरों में चोटें आ गईं। पुलिस ने पीड़ित मलखान निवासी फूलबाग की रिपोर्ट पर पत्नी अनिता मीणा और पुत्र अनुराग पर मामला दर्ज किया है।

## खरीफ फसल उत्पादन तकनीक पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा में खरीफ फसल उत्पादन तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। किसानों को खेती के लिए सलाह दी। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि केपी भगत, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जीएस रैकवार, सहायक संचालक कृषि जितेंद्र नामदेव, सुनील कुमार सोने, सहायक कृषि यंत्री बीएस कोठारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. स्वप्निल दुबे, डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी एवं रंजीत सिंह राघव व फसल बीमा से जयदीप सिंह गौर, क्लस्टर मैनेजर, विनय यादव उपस्थित थे।



## नायब तहसीलदार को सम्मान पूर्वक विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

नायब तहसीलदार नियति साहू का स्थानांतरण होने पर उन्हें विदाई दी गई। मुड़ियाखेड़ा के समाजसेवी पूरन सिंह लोधी द्वारा शाल, श्रीफल और सांची स्तूप का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

विदाई समारोह के दौरान पूरन सिंह लोधी ने कहा कि नियति साहू का कार्यकाल बेहद सराहनीय और यादगार रहा है। समारोह में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी नियति साहू के कार्य की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# मोहर्रम के समापन पर आज नगर में निकलेगा जुलूस, होंगी तकरीरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में रविवार को मोहर्रम के समापन पर परंपरागत जुलूस प्रमुख मार्गों से निकाला जाएगा। यह जानकारी मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष मो. अथर खान उर्फ अच्छे भाई, पूर्व अध्यक्ष जमील खान भूरा भाई ने बताया कि इस दौरान ताजिए, बुर्राक़, सवारियां, इस्लामी परचम के निशानों के साथ अखाड़ों का यह जुलूस शहर के कई इलाकों से होता हुआ भोपाल रोड स्थित दरगाह शरीफ के करबला पहुंचेगा।

मुस्लिम त्योहार कमेटी रायसेन के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस बार भी रविवार को मोहर्रम के समापन पर पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद (स.अ.व) साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत की यादगार मोहर्रम योम-ए-आशुरा पर विशाल जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। यह मोहर्रम के त्यौहार गंगा जमुना तहजीब के प्रतीक होता है। क्योंकि कई हिन्दुओं के सिर सवारियां उठती हैं। इसीलिए हिन्दू मुस्लिम भाई मिलजुकर मोहर्रम एकता अखंडता की मिसाल को कायम रखते हुए धूमधाम से मनाते हैं।



## बरसते पानी में जैन समाज के लोगों ने की मुनि संघ की अगवानी

# बुराई को त्याग कर अच्छाई को ग्रहण करें : मुनि साक्ष्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक और धर्मानंद से परिपूर्ण रहा। मुनि साक्ष्य सागर व मुनि निवृत्त सागर महाराज का नगर आगमन हुआ। बारिश के बीच समाजजनों द्वारा अगवानी की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन अगवानी के साक्षी बने। शुक्रवार शाम को मुनि संघ का जमुनिया पुल के समीप दयोदय गौशाला में रात्रि विश्राम हुआ। शनिवार को सुबह के समय मुनि संघ ने नगर के लिए प्रस्थान किया।

मुनिसंघ के नगर प्रवास के साथ ही चार माह का चातुर्मास का शुभारंभ होगा। इस अवधि में प्रतिदिन प्रवचन, स्वाध्याय, सामायिक, आरती और धर्म चर्चाएं आयोजित होंगी। समाज के सभी वर्ग महिला मंडल, युवा संगठन, पाठशालाएं और भजन मंडल सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हैं। मुनिसंघ के दिशा-निर्देश में धर्मसं स्कृति का संवर्धन होगा। धर्मसभा में दी प्रेरणाएं समाज के हर वर्ग को आध्यात्मिक उन्नयन की दिशा में ले जाएंगी।



**उकेरी रंगोली, बनाए तोरण द्वार**

*मुनि संघ की अगवानी को लेकर उत्साहित समाजजनों द्वारा मुख्य मार्ग तथा घरों के सामने आकर्षक रंगोली उकेरी गई एवं कई तोरण द्वार भी लगाए गए। महिलाओं द्वारा ढोल नगाड़ों व डीजे की आकर्षक लय के बीच भजनों का गायन किया। व्यायाम शाला के सदस्यों द्वारा कसरती करतबों का प्रदर्शन भी किया।*

पारसनाथ दिगंबर जैन मदिर में अगवानी के बाद पहुंचने पर प्रवचन में मुनि निवृत्त सागर महाराज ने कहा कि भक्त वह होता है जो निस्वार्थ भाव से निरंतर भगवान जिनेंद्र की पूजा अर्चना करता है, भक्ति करने से भक्त भव सागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि भक्ति करने से पुण्य का अर्जन होने के साथ ही पापो का शमन होता है। मन को हमेशा धर्म में लगाओं, धर्म मर्य कार्य करने से जीवन में समरसता आती है जबकि तंत्र,मंत्र, यंत्र जीवन में काम नही आते है।

#### अज्ञानता रुपी अंधकार को दूर करना चाहिए : मु. साक्ष्य सागर

मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने बताया कि जीव को हमेशा अपने अज्ञानता रुपी अंधकार को दूर करना चाहिए। ऐसा तभी संभव हो सकता है जब वह जीव सदैव श्रीजी की पूजा, अर्चना, अभिषेक करने के साथ ही महापुरुषों का सत्संग करें, उनके बताए रास्ते का अनुशरण करें, हिंसा व पाप कर्म से दूर रहें, धर्म प्रभावना करें, जिन शासन की प्रभावना करें, तभी वह अज्ञानता का अंधेरा छंट सकता है। मात्र बात करने, धर्म का दिखावा करने से भला होने वाला नहीं है। मुनि सेवा करने से कर्मो की निर्जरा होती है। ग